मंडलीय सरस मेले का संयुक्त विकास आयुक्त ने किया निरीक्षण

बस्ती। राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित मंडलीय सरस मेले का मंगलवार को संयुक्त विकास आयुक्त निर्मल कुमार द्विवेदी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन कर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान संयुक्त विकास आयुक्त ने विभिन्न जनपदों से आए स्वयं सहायता समूहों के स्टालों पर प्रदर्शित हस्तनिर्मित वस्तुओं, स्थानीय उत्पादों, पारंपरिक शिल्प एवं घरेलू उपयोग की सामग्री का जायजा लिया। उन्होंने समूहों की महिलाओं से उनके उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया, गुणवत्ता, लागत, बिक्री एवं बाजार में उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की सराहना करते हुए कहा कि सरस मेला ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराता है।



उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे आयोजनों से महिलाओं को अपने उत्पादों की पहचान स्थापित करने, बाजार से जुड़ने तथा स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने में मदद मिलती है। उन्होंने मेले में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा समूहों के उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

डिजिटल लाईफ सार्टिफिकेट का चलाया जा रहा अभियान

बस्ती।भारत सरकार एवं उ0प्र0 शासन के निर्देषानुसार अब घर बैठे पेंषनरों के जीवित प्रमाण पत्र जमा होने के संबंध में 01 से 30 नवम्बर 2026 तक डिजिटल लाईफ सार्टिफिकेट अभियान चलाया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य कोषाधिकारी अषोक कुमार प्रजापति ने बताया कि कोषागार में डिजिटल लाईफ सार्टिफिकेट अभियान की शुरूआत की गई।उन्होने बताया कि उक्त अभियान के तहत मोबाइल में ळवबहसम चसंल जवतम से ंकींत थ्बम । डाउनलोड कर डिजिटल प्रमाण पत्र जमा करने के संबंध में पेंषनरों को विधिवत प्रयोग करते हुए जानकारी प्रदान किया गया। इस अभियान में लगभग 300 पेंषनरों पारिवारिक पेंषनरों ने डिजिटल लाईफ सार्टिफिकेट जमा किया। उक्त सुविधा के तहत अब पेंषनरों को कोषागार आने की जरूरत नही पड़ेगी।

गाजे-बाजे के साथ निकली सरदार पटेल संदेश यात्रा

बस्ती। मंगलवार को लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जयन्ती के उपलक्ष्य में उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में एकजुटता का संदेश देने के उद्देश्य से सरदार सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष चैधरी बृजेश पटेल के नेतृत्व में सरदार पटेल संदेश यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ जीआईसी ग्राउंड से हुआ, जहां महादेवा विधायक दूधराम, मनोज चैधरी ने हरी झण्डी दिखाकर यात्रा को रवाना किया।संदेश यात्रा गांधीनगर होते हुए कम्पनी बाग पहुंची। इसके बाद सुभाष चन्द्र बोस चैक और न्याय मार्ग से होते हुए सरदार पटेल स्मारक स्थल अमहट घाट पहुंची। यहां सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही उनके विचारों और आदर्शों को साझा करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। यात्रा में ढोल-नगाड़े, घोड़े और रथ सहित विभिन्न आकर्षक प्रस्तुतियों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।इस अवसर पर विधायक दूधराम, रुधौली विधानसभा के समाजसेवी मनोज चैधरी और आलोक रंजन वर्मा ने कहा कि सरदार पटेल संदेश यात्रा एकजुटता का संदेश देती है। जिस तरह सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया था, उसी तरह हम सभी को आपसी भाईचारे और एकता के साथ उनके विचारों को आगे बढ़ाना चाहिए। एकजुट रहकर ही समाज और देश का विकास संभव है।यात्रा के नेतृत्वकर्ता सरदार सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष चैधरी बृजेश पटेल ने कहा कि पिछले कई वर्षों की तरह इस वर्ष भी सरदार पटेल संदेश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सर्व समाज के लोगों की भागीदारी ने यात्रा को भव्य और सफल बनाया। उन्होंने कहा कि हमें सरदार पटेल के विचारों से प्रेरणा लेते हुए एकजुटता के साथ समाज के विकास के लिए कार्य करना चाहिए।सरदार सेना के जिलाध्यक्ष विनय चैधरी, संदीप निषाद, अजफरूल हक उर्फ 'प्रिंस', प्रदीप यादव, चंद्रगुप्त मौर्य और दिनेश गौतम ने कहा कि भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और समाज के लोगों को एकजुट करना हम सभी की जिम्मेदारी है।



इस दौरान विनय चैधरी, डा. राजेश पटेल, शैलेंद्र राना, आकाश पटेल, राजेश मिश्र, नवीन सिंह, अभिषेक चैधरी भुवर, अनिरुद्ध चैधरी, सर्वेश चैधरी, अमन राजभर, जुगल किशोर चैधरी, सुरेंद्र चैधरी राजा भैया, मुनव्वर राणा, चंद्रगुप्त मौर्य, दिनेश गौतम, रविंद्र चैधरी, अनिल चैधरी, सोहन गौतम, राजविन्द कुमार गौतम, राजा भैया, दूधनाथ पटेल, शमशेर, प्रशांत चैधरी, संदीप निषाद, अभिषेक चैधरी, शिवा गिरी, प्रदीप पटेल राना, पुष्कर चैधरी, डीके चैधरी, संजय चैधरी, इरशाद, अनुज, अनिल, सुधाकर, उमेश चैधरी, रामजीत पटेल, इरफान, विकास चैधरी, मनोज चैधरी, पिंटू चैधरी, लवकुश, सुधाकर पटेल, पवन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

सनातन धर्म संस्था की भव्य शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धा और उत्साह का सैलाब

बस्ती।सनातन धर्म संस्था, बस्ती द्वारा आयोजित होने वाले सातवें वर्ष की श्रीरामलीला महोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को नगर में भव्य जनजागरण शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा का उद्देश्य नगर के प्रत्येक श्रीराम भक्त, माताओं-बहनों एवं नागरिकों को श्रीरामलीला महोत्सव के लिए निमंत्रित करने के साथ ही भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और सनातन संस्कृति के प्रति जनजागरण करना था।शोभायात्रा का शुभारंभ श्री कृष्ण मुरारी पांडेय इंटर कॉलेज से भगवान की झाँकी में बने भगवान श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण जी, हनुमान जी की आरती के साथ हुआ। भगवा ध्वजों, जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष, भजन-कीर्तन और भक्तिमय वातावरण के बीच शोभायात्रा रोडवेज, गांधीनगर, कंपनी बाग एवं कचहरी होते हुए श्री शिव मंदिर अमहट घाट पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। जगह-जगह नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया।शोभायात्रा का विशेष आकर्षण भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण जी एवं हनुमान जी के स्वरूप में सजे बच्चों की दिव्य एवं मनोहारी झांकी रही। मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान के इन स्वरूपों पर पुष्पवर्षा कर और जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भगवान के दिव्य स्वरूप की आकर्षक झांकी ने लोगों का मन मोह लिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, युवाओं, माताओं-बहनों एवं गणमान्य नागरिकों ने शोभायात्रा में सहभागिता की।शोभायात्रा का समापन श्री शिव मंदिर, अमहट घाट में भगवान शिव के पूजन अर्चन एवं आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा श्रीरामलीला महोत्सव को सफल बनाने का संकल्प लिया।संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष श्रीरामलीला महोत्सव का आयोजन लगातार सातवें वर्ष किया जा रहा है। इसकी विशेषता यह है कि इसमें 20 विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का मंचन करते हैं। इस माध्यम से बच्चों में संस्कार, अनुशासन, त्याग, मर्यादा, कर्तव्यबोध एवं भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव का भाव विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।12 नवंबर से गोविन्द राम सक्सेरिया इंटर कॉलेज, गांधीनगर-बस्ती के प्रांगण में श्रीरामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ होगा।



संस्था ने नगर के समस्त श्रीराम भक्तों, माताओं-बहनों एवं नागरिकों से सपरिवार उपस्थित होकर श्रीरामलीला के दिव्य मंचन का दर्शन करने तथा बाल कलाकारों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। संस्था की ओर से शोभायात्रा को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, नगरवासियों, सामाजिक संगठनों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

शोभायात्रा में प्रमुख रूप से रमेश सिंह, डॉ शैलेश सिंह, डॉ ऋचा ओझा, राखी दूबे, आयुषी दूबे, सी ए अभिषेक मणि त्रिपाठी, सी ए मयंक राजपाल, आशीष शुक्ल, गोपेश पाल, डॉ नवीन सिंह, मंगला प्रसाद दूबे, अतुल चित्रगुप्त, वैष्णवी दूबे, संध्या दीक्षित, चन्दन सिंह, शिव प्रसाद शुक्ल, ज्योति, खुशी, आयुषी, अंकुर वर्मा, आशीष शुक्ल, प्रशांत पाण्डेय, आलोक पांडेय, श्याम जी चैधरी, राकेश दूबे जे डी, अंकुर यादव, अर्पिता सिंह, शशि पांडेय, डॉ रोहन दूबे, अनुराग पांडेय, मुक्तेश्वर नाथ आजाद, रितिकेश सहाय, सरदार सर्वजीत सिंह, राजेश चित्रगुप्त, शेष नारायण गुप्ता, कौशल गुप्ता, शुभम कसौधन, महादेव पाण्डेय, वेद बाबू, राजेश मिश्र, कर्नल के सी मिश्र, अखिलेश दूबे, कैलाश नाथ दूबे, अनुराग शुक्ल, सुशील मिश्र, भोलानाथ चैधरी, अर्पित गौड़, अभय त्रिपाठी, विनीत पांडेय, हरीश त्रिपाठी, अनिल सिंह, सन्नो दूबे, नरेश सडाना, सतीश सोनकर, सहदेव दूबे, ओमकार मिश्र, ओमप्रकाश दूबे, शिवनाथ चैबे, बृहस्पति मणि त्रिपाठी, नरेन्द्र तिवारी, मान्यता, अर्पिता, आद्या सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सरदार बल्लभभाई पटेल की स्मृति में समरसता सम्मेलन का आयोजन आज

बस्ती। भारत रत्न सरदार बल्लभभाई पटेल की स्मृति मे राष्ट्रीय लोकदल की ओर से 04 नवम्बर दिन बुधवार को होटल बालाजी प्रकाश मे दिन मे 11.00 बजे एक समरसता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुये रालोद के जिलाध्यक्ष राधेश्याम चैधरी ने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों से कार्यक्रम मे पहुंचकर समरसता सम्मेलन को सफल बनाने की अपील किया है। श्री चैधरी ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष राजा ऐश्वर्यराज सिंह मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद रहेंगे।

महिला एवं बाल अपराध जुड़े मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश

बस्ती। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी कलवारी बृजेश सिंह ने थाना कार्यालय कलवारी पर विवेचकों के साथ अर्दली रुम किया गया।इस दौरान थाना कलवारी में पंजीकृत विभिन्न अभियोगों से संबंधित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए विवेचकों से मुकदमों की प्रगति रिपोर्ट, साक्ष्य संकलन और विवेचना में आ रही व्यावहारिक समस्याओं की जानकारी ली तथा मुकदमों की विवेचना निष्पक्ष, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्ध सीमा के भीतर पूर्ण करने, लंबित मुकदमों में वांछित अभियुक्तों व एनबीडब्ल्यू के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने तथा महिला एवं बाल अपराध से जुड़े मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर संवेदनशीलता के साथ करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कलवारी व थाना के समस्त विवेचक उपस्थित रहे। थाना कलवारी के सभी कर्मचारियों की रात्रि गणना लिया गया।



दीपावली मेलेका आयोजन आज

बस्ती। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी तनुज त्रिपाठी ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया हैकि निदेशालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग,उ0प्र0 लखनऊ के निर्देश के क्रम में बस्ती मण्डल के दिव्यांगजनों द्वारा बनाये गये चित्रण,हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए मण्डल स्तर पर दीपावली मेलेका आयोजन दिनांक 04 नवंबर को राजकीय इण्टर कालेज के प्रांगण में किया जा रहा है। आयोजन में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दिव्यांगजनों के प्रतिभाको नया आयाम प्रदान किया जायेगा। जिससे उनके अन्तर्निहित सृजनात्मक क्षमता को जन सामान्य तक पहुँचाया जा सकें।जनपद के समस्त जनमानस एवं दिव्यांगजनों को अवगत किया है कि उक्ततिथि व स्थान पर दीपावली मेले में आकर दिव्यांगजनों के द्वारा निर्मित सामग्रियों उनके खेल-कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करें।



पांच दिवसीय बकरी पालन तकनीक विषय पर रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

बस्ती। आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, में भा.कृ.अनु.परि. कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (अटारी) कानपुर द्वारा वित्त पोषित संस्था द्वारा सरल परियोजना के अंतर्गत पांच दिवसीय बकरी पालन तकनीक विषय पर रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ प्रारंभ। आज कृषि विज्ञान केंद्र बस्ती पर सरल परियोजना के अंतर्गत दिनांक 03 से 07 नवंबर 2026 तक बकरी पालन तकनीक विषय पर पाँच दिवसीय रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी अधिकारी डॉ. पी. के. मिश्र ने वैज्ञानिक बकरी पालन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बकरी पालन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार एवं अतिरिक्त आय का एक महत्वपूर्ण साधन है। कम पूंजी, सीमित स्थान एवं स्थानीय संसाधनों के उपयोग से इस व्यवसाय को सफलतापूर्वक अपनाया जा सकता है। उन्होंने किसानों एवं ग्रामीण युवाओं को वैज्ञानिक विधियों को अपनाकर बकरी पालन को व्यावसायिक स्वरूप प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। इस प्रशिक्षण में जनपद के 25 नवयुवक एवं युवतियों ने प्रतिभाग किया।प्रशिक्षण के तकनीकी सत्र में पशुधन प्रसार अधिकारी श्री अबरार अहमद अंसारी, हर्रैया, बस्ती ने प्रतिभागियों को पशुपालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं, बकरी पालन को प्रोत्साहित करने के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं अनुदान संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बकरियों में होने वाले प्रमुख संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए समय पर टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए निर्धारित समयानुसार टीकाकरण एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह दी।वैज्ञानिक डॉ. वी. बी. सिंह ने बकरियों की उन्नत नस्लों के चयन, आवास व्यवस्था, संतुलित आहार, प्रजनन एवं स्वास्थ्य प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि उचित नस्ल का चयन, वैज्ञानिक आवास व्यवस्था तथा संतुलित पोषण बकरी पालन की सफलता के प्रमुख आधार हैं। केंद्र के फसल सुरक्षा वैज्ञानिक डॉ. प्रेम शंकर ने पशुशाला की स्वच्छता, रोगों की रोकथाम तथा पशुओं को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक प्रबंधन उपायों पर चर्चा की।



प्रसार वैज्ञानिक श्री आर. बी. सिंह ने बकरी पालन में नस्ल सुधार, उन्नत प्रजनन तकनीकों तथा नवीन वैज्ञानिक जानकारियों के प्रभावी प्रसार के महत्व पर प्रकाश डाला।सस्य विज्ञान वैज्ञानिक हरिओम मिश्र ने बकरी पालन के साथ चारा उत्पादन एवं एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाने की उपयोगिता बताई। उन्होंने हरे चारे की विभिन्न फसलों के उत्पादन, वर्षभर पौष्टिक चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा फसल अवशेषों के उचित उपयोग की वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध चारा संसाधनों का समुचित उपयोग कर पशुओं के पोषण पर होने वाले खर्च को कम किया जा सकता है।

वर्षों की उपेक्षा के बाद लालगंज-बिरितिया मार्ग को मिली विकास की सौगात

बस्ती। लालगंज-बिरितिया मार्ग के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए शासन से स्वीकृति मिलने के बाद महादेवा विधानसभा क्षेत्र में आगमन पर विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश का क्षेत्रवासियों द्वारा जगह-जगह भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, ग्राम प्रधानों, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत करते हुए इस महत्वपूर्ण विकास कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।स्वागत कार्यक्रम के दौरान कोप चैराहे पर ग्राम प्रधान अरुण चैधरी, हरिओम यादव, रामरक्षा यादव एवं साहिल कुमार ने स्वागत किया। लालगंज चैराहे पर ग्राम प्रधान वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने उनका अभिनंदन किया। वहीं ढोकवा में रमेश चैधरी एवं प्रदीप चैधरी तथा कचनी चैराहे पर राज बहादुर चैधरी एवं अजय यादव द्वारा स्वागत किया गया। विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्पमालाओं एवं उत्साह के साथ उनका अभिनंदन किया। लालगंज-बिरितिया मार्ग के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 11 किलोमीटर लंबाई की सड़क हेतु 34 करोड़ 60 लाख 61 हजार रुपये (3460.61 लाख रुपये) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लंबे समय से जर्जर एवं उपेक्षित इस मार्ग के विकास की मांग क्षेत्रवासी लगातार कर रहे थे। मार्ग के निर्माण से हजारों लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक एवं व्यापारिक विकास को भी गति मिलेगी।इस अवसर पर सुभाष यदुवंश ने भावुक होते हुए कहा कि लालगंज-बिरितिया मार्ग केवल एक सड़क नहीं, बल्कि उनके बचपन की स्मृतियों से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, 'मैं इसी क्षेत्र की मिट्टी में पला-बढ़ा हूं। बचपन में इसी सड़क पर खेलते हुए बड़ा हुआ हूं। इस मार्ग की बदहाली और वर्षों से इसकी उपेक्षा को मैंने करीब से देखा है। मन में हमेशा यह पीड़ा रही कि जिस रास्ते से मेरी बचपन की यादें जुड़ी हैं, उसका विकास क्यों नहीं हो पा रहा है।



आज इस मार्ग की स्वीकृति मिलना मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से भी भावुक और संतोष का विषय है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और प्रदेश सरकार की विकास के प्रति प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप इस महत्वपूर्ण मार्ग के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण को स्वीकृति प्राप्त हुई है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।सुभाष यदुवंश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का संकल्प है कि विकास की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने क्षेत्रवासियों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है।

क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा।इस दौरान क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। लोगों ने कहा कि यह केवल एक सड़क की स्वीकृति नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही जनभावनाओं और मांगों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। क्षेत्रवासियों ने इस विकास कार्य के लिए एमएलसी सुभाष यदुवंश का धन्यवाद ज्ञापित किया।

सुशील हीरो बस्ती में धमाका, ग्राहक रामशेखर ने जीती मुफ्त मोटरसाइकिल

बस्ती। धनतेरस और दीपावली के शुभ अवसर पर हीरो मोटोकॉर्प की ओर से चलाए जा रहे विशेष ऑफर और 'हीरो उत्सव' योजना के तहत सुशील हीरो, स्टेशन रोड बस्ती में खुशियों की सौगात बरसी। योजना के अंतर्गत ग्राहक श्री रामशेखर को गुड लाइफ स्क्रैच कूपन के माध्यम से एक मोटरसाइकिल मुफ्त जीतने का शानदार अवसर मिला। वहीं कई अन्य ग्राहकों ने सोने और चांदी के सिक्के जीतकर त्योहार की खुशियों को दोगुना कर दिया।इस विशेष अवसर पर हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड के बिजनेस चीफ आशुतोष वर्मा एवं क्वालिटी ऑफिसर मनीष श्रीवास्तव का सुशील हीरो, स्टेशन रोड बस्ती में आगमन हुआ।

प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर प्रेम कुमार अग्रवाल एवं शशांक अग्रवाल सहित समस्त स्टाफ ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया।हीरो परिवार की ओर से पवन श्रीवास्तव ने मोटरसाइकिल विजेता ग्राहक रामशेखर को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस दौरान अन्य विजेता ग्राहकों को भी उनके पुरस्कार प्रदान किए गए। सुशील हीरो की ओर से भी ग्राहकों के लिए विशेष बंपर इनाम की व्यवस्था की गई है।प्रतिष्ठान की ओर से बताया गया कि हीरो मोटोकॉर्प की गुड लाइफ कार्ड योजना के तहत ग्राहकों को आकर्षक उपहार जीतने का अवसर मिल रहा है। धनतेरस और दीपावली के अवसर पर सोने-चांदी के



सिक्कों के साथ मोटरसाइकिल जीतने का मौका ग्राहकों के बीच खासा उत्साह पैदा कर रहा है।इस अवसर पर पवन कुमार श्रीवास्तव, विपिन जायसवाल, सुनील कुमार (सेल्स प्रमोशन), सुनील कुमार (नेटवर्क मैनेजर), चंद्रिका प्रसाद, दुर्गेश श्रीवास्तव, सलोनी मिश्रा, सुजाता जायसवाल, अंशिका सिंह, रूबी, मानसी, धरिया, दीपक निषाद, राम प्रसाद, शिवदयाल सिंह, संजय तिवारी, अद्वित श्रीवास्तव सहित सुशील हीरो परिवार के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा 6 दिसम्बर से

बस्ती। पैड़ा धाम में सनातन धर्म और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार के उद्देश्य से नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथा व्यास सुंदर दास जी महाराज द्वारा किया जाएगा। आयोजन की शुरुआत 5 दिसम्बर को भव्य कलश यात्रा के साथ होगी, जबकि 6 दिसंबर से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ होगा।सुंदर दास जी महाराज ने आयोजन की पृष्ठभूमि साझा करते हुए बताया कि पैड़ा वाले बाबा ने पैड़ा धाम में पूज्य धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज की कथा कराने का संकल्प लिया था। इसी संकल्प को साकार करने की भावना से उन्होंने 36 दिनों तक पदयात्रा कर बागेश्वर धाम सरकार के दर्शन किए और कथा आयोजन के लिए प्रयास शुरू किए।सुंदर दास जी महाराज ने न्याय मार्ग पर बताया कि बागेश्वर धाम सरकार की कथा का आयोजन कोई सामान्य आयोजन नहीं है। इसके लिए बड़े स्तर पर आर्थिक संसाधनों और व्यापक जनसहयोग की आवश्यकता होती है। इसी क्रम में पैड़ा वाले बाबा ने जनसहयोग की मुहिम शुरू की और शहर के विभिन्न स्थानों पर बैठकर श्रद्धालुओं से स्वेच्छा से सहयोग देने की अपील की। हालांकि, अपेक्षित सहयोग और परिस्थितियों को देखते हुए उन्हें लगा कि इस तरह कथा का आयोजन संभव नहीं हो पाएगा। इससे वे काफी निराश हुए और हताशा में स्वयं को क्षति पहुंचाने का प्रयास भी किया, जो किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं है।

श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल में पैरामेडिकल स्टाफ को दिया गया प्रशिक्षण

बस्ती। मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल में पैरामेडिकल स्टाफ के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. सतेंद्र सिंह तंवर ने अस्पताल के पैरामेडिकल स्टाफ को विभिन्न चिकित्सकीय प्रक्रियाओं एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया। डॉ. सतेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि समय-समय पर इस तरह की ट्रेनिंग आयोजित होने से पैरामेडिकल स्टाफ की कार्यक्षमता और दक्षता में वृद्धि होती है। इससे



मरीजों की देखभाल, उपचार के दौरान जरूरी सावधानियों तथा चिकित्सकीय सेवाओं को बेहतर ढंग से संचालित करने में काफी सुविधा मिलती है। प्रशिक्षित स्टाफ मरीजों को अधिक प्रभावी और सुरक्षित चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।इस अवसर पर हॉस्पिटल के चेयरमैन बसंत चौधरी ने कहा कि श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को बेहतर, आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसी सोच के साथ अस्पताल में समय-समय पर विशेषज्ञों के माध्यम से प्रशिक्षण एवं सेमिनार आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता केवल आधुनिक संसाधनों से ही नहीं, बल्कि प्रशिक्षित और दक्ष मेडिकल एवं पैरामेडिकल स्टाफ से भी सुनिश्चित होती है। ऐसे आयोजन स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण साबित होते हैं।प्रशिक्षण कार्यक्रम में अस्पताल के जनरल मैनेजर वीके अय्यर, मनोज चैधरी, दुर्गेश चैधरी सहित अस्पताल के सभी पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।